## सफलता 'मंथन' की, क्रमश: ..................



**सीहोर।** संतोष कुमार ग्राम दिवड़ीया जिला सीहोर के रहने वाले हैं। संतोष कुमार ने सन् 2012 में मंथन आईटीआई अमलाहा जिला सीहोर में इलेक्ट्रिकल ट्रेड में एडमीशन लिया और 2014 में आईटीआई की परीक्षा उत्तीर्ण की। संतोष कुमार इस समय एमपीईबी में नौकरी कर रहे हैं। तथा अपने परिवार का अच्छे से निर्वहन कर रहे हैं। संतोष कुमार ने अपनी सफलता के लिए मंथन आईटीआई के समस्त स्टॉफ और शिक्षकों को धन्यवाद दिया है।

## जिलों से ● रिपोर्टर

### गौ-तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गौवंश से भरी पिकअप को किया जब्त

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां पुलिस की टीम ने गौवंश से भरी एक पिकअप को पकड़ी है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में 7 गौवंश को भरा हुआ था। इसी दौरान पुलिस ने पिकअप को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, मामला खालवा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि पुलिस को लगातार यहां पर गौवंश की तस्करी की सूचना मिल रही थी और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ये कार्रवाई की है। पुलिस ने पिकअप से 7 गौवंश को बरामद की है। सबसे बड़ी बात ये है कि छोटी सी पिकअप में 7 गौवंश को ठुस ठुसकर भरा गया था। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ पशु क्रूरता के तहत कार्रवाई की है।

**खंडवा जिले में गौवंश तस्करी की घटना कब हुई?**

यह घटना मध्यप्रदेश के खंडवा जिले के खालवा थाना क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस ने एक पिकअप वाहन में भरे गए 7 गौवंश को पकड़ा। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस ने तस्करी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ पशु क्रूरता के तहत मामला दर्ज किया है। पिकअप वाहन में 7 गौवंश को ठूस-ठूसकर भरा गया था, जो एक छोटी सी पिकअप में अवैध रूप से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे थे। पुलिस को खंडवा जिले के खालवा थाना क्षेत्र में गौवंश तस्करी की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। मध्यप्रदेश में गौवंश तस्करी के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस तस्करी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ पशु क्रूरता कानून के तहत सख्त कार्रवाई करती है, जैसा कि इस मामले में किया गया है।

**योजनाओं की दी जानकारी** — कलेक्टर, सीएमएचओ एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्रामीणजनों के साथ बैठकर भोजन कर उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली

# जब खुद कलेक्टर ने हितग्राहियों के बीच बैठकर दी योजनाओ की जानकारी

● मंथन संवाददाता

**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा भोपाल जिले के जनजातीय आबादी बाहुल्य ग्राम केकड़िया में विशेष शिविर लगाया गया। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत आयोजित शिविर में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण सहित बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने हितग्राहियों से चर्चा कर शासन की जनकल्याणकारी सेवाओं का फीडबैक लिया। इस दौरान कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को समझाया और स्वयं एक हितग्राही का आयुष्मान कार्ड जनरेट किया।

**आधार कार्ड बनाने हेतु गांव में शिविर लगाने के निर्देश**

शिविर में गांव के बच्चों ने बेहद उत्साह पूर्वक अपने परिजनों को बुलाकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर, सीएमएचओ एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने



ग्रामीणजनों के साथ बैठकर भोजन कर उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान गांव में कुछ लोगों के पास आधार कार्ड नहीं होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने जल्द ही आधार कार्ड बनाने हेतु गांव में शिविर लगाने के निर्देश दिए। केकड़िया गांव के सरपंच और विद्यालयीन स्टाफ द्वारा शिविर आयोजन और जन सूचना में सहयोग दिया गया।

**हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड**

3186 आबादी के इस गांव में 50 प्रतिशत से अधिक जनजातीय आबादी रहती है। शिविर में समग्र स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी के साथ विशेष रूप पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कायक्रम की टीम द्वारा 43 बच्चों की जांच की गई। जिसमें जन्मजात विकृति , पौष्टिकता की अल्पता , बाल अवस्था की बीमारियों, विकासात्मक देरी का आंकलन किया गया। 12 बच्चों में सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई, जो कि नेगेटिव पाई गई। विभागीय योजनाओं से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे , इसके लिए शिविर में पास की स्वास्थ्य संस्थाओं से बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई।

### यूपी की 'तस्कर'... एमपी में गिरफ्तार, निमा? क्षेत्र में पहली बार किसी महिला पर ऐसा केस दर्ज

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश में अवैध हथियार तस्करी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बुरहानपुर से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां पर पुलिस ने एक महिला को अवैध हथियार तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह निमाड़ क्षेत्र का पहला ऐसा मामला है, जिसमें किसी महिला को अवैध हथियार की तस्करी के आरोप में पकड़ा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह महिला यूपी की बताई जा रही है। एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने लोकल 18 को बताया कि महिला अवैध हथियार की तस्करी कर रही थी। सूचना पर दबिश दी गई। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला खुद को यूपी की बता रही है, जिसका नाम पिंकी है। उसके पास से चार देसी पिस्टल बरामद हुए हैं। महिला से पुलिस और भी पूछताछ कर रही है। यह जिले का पहला ऐसा मामला है, जिसमें महिला को अवैध हथियार तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**2 साल में 72 गिरफ्तारी :** पुलिस से मिले आंकड़ों के अनुसार, 2 साल में अवैध हथियार के मामले में 72 गिरफ्तारियां हुई हैं। इसमें 332 अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। बुरहानपुर के खकनार थाना क्षेत्र के ग्राम पचौरी में अवैध हथियार बनाने का काम होता है। वहीं से यूपी, पंजाब, महाराष्ट्र और हिमाचल में हथियारों की अवैध सप्लाई की जाती है, जिसको लेकर पुलिस भी लगातार कार्रवाई करती रहती है।

**फिल्मी तर्ज पर तस्करी** — तीन बार देखी मूवी, फिर खुद को समझने लगा 'पुष्पा'... केमिकल के ड्रम में शराब भरकर करने लगा तस्करी

# फिल्म पुष्पा की तर्ज पर शराब तस्करी करने वाला गिरोह आया पकड़ में

● मंथन संवाददाता

**इंदौर।** पुलिस ने शराब तस्करी के नेटवर्क का भांडाफोड़ किया है। तस्कर फिल्म पुष्पा द रूल की तर्ज पर तस्करी करता था। तस्करी की तरीके के लिए आरोपित तीन बार फिल्म देखकर आया था। पूछताछ में गुजरात के शराब तस्कर और विधायक समर्थक ठेकेदार का नाम कबूला है। डीसीपी जोन-2 अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक सूचना मिली थी कि एसआर कंपाउंड स्थित एक गोदाम में बने केमिकल के गोदाम में रात के वक्त ट्रकों में संदिग्ध केमिकल के ड्रम भरे जा रहे हैं। पुलिस ने ड्रग्स सप्लाई का अड्डा समझकर छापा मारा और लाखों रुपये कीमती ब्रांडेड शराब की बोतलें देखकर दंग रह गई।

**ये आए पकड़ में:** डीसीपी के मुताबिक पुलिस ने आरोपित राहुल गोपाल जायसवाल निवासी बोरी जोबट आलीराजपुर, अजयपाल तुलसीराम अहिरवार निवासी टपरिया बीना सागर, मनोज जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी एसआर कंपाउंड लसूड़िया मौरी, हीरालाल उर्फ छोटू पुत्र श्यामलाल राय निवासी इंद्रागांधी वार्ड बीना और राजेश हरिशंकर रजक निवासी नानक वार्ड बीना को पकड़ लिया।



**राहुल है गिरोह का सरगना:** पुलिस ने तीन लाख 82 हजार रुपये कीमती 42 पेटी अवैध शराब जब्त की है। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक आरोपित गिरोह का सरगना राहुल है।

**रात में होती थी पैकिंग:** उसने फिल्म पुष्पा देखकर शराब सप्लाई का धंधा शुरू किया था। इसके पूर्व वह तीन बार फिल्म देखकर भी आया था। आरोपितों ने गोदाम के बाहर केमिकल कारखाने का बोर्ड लगा दिया था। अक्सर रात में ही पैकिंग होती थी। एमआर-11 स्थित एक शराब दुकान से थोक में शराब खरीद कर केमिकल के ड्रम में शराब की पैकिंग कर सील पैक कर देते थे। चैकिंग करने पर केमिकल के ड्रम बताकर ट्रक निकाल देते थे। पुलिस के मुताबिक ठेकेदार की भूमिका की जांच की जा रही है।

**बीते साल बने अवैध शराब के साढ़े नौ हजार प्रकरण, तीन करोड़ की शराब जब्त**

इंदौर शहर में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन को रोकने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते साल जनवरी से दिसंबर तक अवैध शराब के साढ़े नौ हजार प्रकरण बनाए गए और तीन करोड़ रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त की गई।

इसमें देशी, विदेशी, महुआ लहान और भांग शामिल है। आबकारी विभाग ने बीते साल अवैध शराब पर कार्रवाई कर 9507 प्रकरण बनाए। इसमें 54 हजार 147 लीटर शराब जब्त की गई। इसका अनुमानित मूल्य 1.39 करोड़ के करीब है।

**अवैध शराब को बेचने वालों पर हो रही कार्रवाई**

वहीं विभाग ने बीते साल में एक लाख 65 हजार 583 किलो महुआ लहान और 453 किलो भांग भी जब्त की है। इसका अनुमानित बाजार मूल्य 1.66 करोड़ रुपये है। सहायक आयुक्त आबकारी मनीष खरे ने बताया कि आबकारी विभाग लगातार अवैध शराब की बिक्री और परिवहन करने वालों पर कार्रवाई कर रहा है। इसके अलावा देर रात बायपास और शहर के अंदर संचालित ढाबों और होटलों की जांच का अभियान भी विभाग द्वारा चलाया जाता है। बारों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर शुरू और बंद होने की निगरानी की जा रही है।

## पेज 1 का शेष

### दिल्ली में बिगड़ जाएगा 'आप' का...

पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए फंड जारी होने में देरी हाशिये पर पड़े समुदायों की शिक्षा को लेकर उपेक्षा को दिखाता है। इस समस्या को हल करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**नौवां सवाल:** जातिगत जनगणना की कांग्रेस की मांग को जहां कई राजनीतिक दलों ने समर्थन किया वहीं आज तक आम आदमी पार्टी ने इसका समर्थन क्यों नहीं किया?

**दसवां सवाल:** आप सरकार में पिछले 10 सालों में भर्ती किए गए सैकड़ों कंसलटेंट व फैलो? में कोई भी आरक्षण क्यों नहीं दिया गया और ठेकेदारी प्रथा से एससी एसटी व ओबीसी वर्गों का शोषण क्यों किया जा रहा है?

**दिल्ली में पोस्टर वॉर... ओवैसी, अमित शाह समेत कांग्रेस के इन नेताओं पर 'आप' का हमला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है, वैसे वैसे राजनीतिक दलों में पोस्टर वॉर तेज होता जा रहा है। अब आम आदमी पार्टी ने अपने नए पोस्टर में भाजपा, कांग्रेस और एआईएमआईएम पर हमला बोला है।

दिल्ली विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा हो गई है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर एक साथ पांच फरवरी को मतदान होंगे। चुनावी पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। नेता एक दूसरे पर जमकर हमला बोल रहे हैं। चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे वैसे राजनीतिक दलों में पोस्टर वॉर तेज होता जा रहा है।

अब आम आदमी पार्टी ने अपने नए पोस्टर में भाजपा, कांग्रेस और एआईएमआईएम पर हमला बोला है। आप ने पोस्टर में इन सभी पार्टियों को एक साथ दिखाया है। आप ने पोस्टर में अमित शाह, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा, असदुद्दीन ओवैसी, संदीप दीक्षित, अजय माकन को एक साथ दिखाया है। वहीं, दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल को ईमानदार कहा है।

**अभद्र भाषा बोलने वाले को भाजपा बना रही सीएम चेहरा : आतिशी**

वहीं, विधानसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के बीच मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर भी सियासी खींचतान शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री आतिशी ने 10 जनवरी को प्रेसवार्ता में दावा किया कि भाजपा अभद्र भाषा बोलने वाले प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री चेहरा बनाने जा रही है। भाजपा की सीईसी की बैठक में तय हुआ है कि रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री चेहरा बनाया जाएगा।

आतिशी ने कहा कि भाजपा से लोग पूछ रहे हैं कि उनका सीएम चेहरा कौन है, जबकि आप ने सीएम चेहरे को घोषित कर दिया है। रमेश बिधूड़ी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। बिधूड़ी अपनी ही पार्टी के पूर्वांचली नेताओं से गलत व्यवहार करते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। यही नहीं बिधूड़ी ने मेरे व परिवार के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है।

**'लोगों के सामने दो विकल्प'**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लोगों के सामने दो विकल्प हैं। एक तरफ अरविंद केजरीवाल हैं जो आईआईटी खड़गपुर से पढ़े हैं। वे आईआरएस ऑफिसर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में 24 घंटे बिजली, घर-घर पानी पहुंचाने, सरकारी स्कूलों को बेहतर करने, मुफ्त इलाज, बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा और महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा दी है। दूसरी तरफ, अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां करने वाले रमेश बिधूड़ी हैं।

**सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश कर रहे केजरीवाल : भाजपा**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने 10 जनवरी को आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए कहा कि वे सत्ता खोने के डर से मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। केजरीवाल सत्ता बचाने के लिए दिल्ली के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। सचदेवा ने केजरीवाल के हालिया बयानों और पोस्टर को उनकी हताशा व चरित्र का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद इस्तीफा नहीं दिया। इसके अलावा 21 और 22 सितंबर को महिला विरोधी बयान दिए। उन्होंने दिसंबर में बांग्लादेशी व रोहिंग्या वोटरों को जोड़ने के लिए दबाव डाला और एक जनवरी को झूठी खबर फैलाकर दिल्ली का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए।

**चुनाव आते ही शुरू हो जाती है नौटंकी**

केजरीवाल की नौटंकी चुनाव के निकट आते ही शुरू हो जाती है। चुनाव के निकट आते ही कभी वे किसी झुग्गी झोपड़ी में जा कर सो जाते हैं। कभी पूर्वांचल के लोगों के सबसे बड़े हितैषी होने का दावा करते है, ऐसे में आने वाले चुनाव को देखकर अगर वे इस बार बिहार और यूपी के लोगो के बारे में अपशब्द बोल रहे है। इसमें कोई नई बात नहीं है।

**चुनाव में दिखेगा परिणाम**

दिल्ली की जनता अब उन्हें और उनकी पार्टी को अच्छी तरह से समझ गई है जिसका परिणाम आने वाले चुनाव में दिखेगा।

### दिल्ली चुनाव में नतीजा भुगतना पड़ेगा: चिराग



लोजपा-रामविलास के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल द्वारा बिहारियों को फर्जी वोटर कहे जाने की निंदा की है। चिराग ने कहा कि अरविंद केजरीवाल बयान कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। इसका नतीजा दिल्ली चुनाव में केजरीवाल को भुगतना पड़ेगा। चिराग ने कहा कि दिल्ली के विकास में यूपी और बिहार के लोगों की एक बड़ी भूमिका रही है।

### दिल्ली किसी की जागीर नहीं: ललन सिंह



केंद्रीय मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भी पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान पर निशाना साधा है। ललन सिंह ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार देख रहे आप के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हताश हो गए हैं। चुनाव आयोग को दिए गए बयान में उनकी हताशा स्पष्ट होती है।

### झूठी कसम खाते हैं केजरीवाल: ऋतुराज सिन्हा



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों के संबंध में दिए गए विवादास्पद बयान के बाद भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने उन पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि जो शोषण, झूठ बोलने और अपने बच्चों की झूठी कसम तक खा लेते हैं वे अगर बिहार और यूपी के लोगों के बारे में अपशब्द बोल रहे है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि भारत के संविधान में यह मौलिक अधिकार प्राप्त है कि भारत का नागरिक देश के किसी भी राज्य में जाकर रह सकता है और जीविकोपार्जन कर सकता है।